सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 08 | इंदौर, मंगलवार 28 जुलाई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ●मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में

# 82.70 लाख से अधिक किसानों को 3308 करोड़ रुपए अंतरित

### प्रत्येक हितग्राही किसान के खाते में पहुंचे एकमुश्त चार हजार रुपए

### किसानों को वैज्ञानिक खेती और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का जरिया है बलराम कृषि महोत्सव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को प्रदेश के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिला मुख्यालय में हुये बलराम कृषि महोत्सव में प्रदेश के 82 लाख 70 हजार से अधिक किसानों के खातों में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 3308 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से अंतरित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई उन्नत कृषि पर केंद्रित कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती-किसानी को लाभदायी बनाने और कृषि को आधुनिक स्वरूप देने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बलराम कृषि महोत्सव केवल एक आयोजन न होकर किसानों को नई तकनीक, वैज्ञानिक खेती और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का व्यापक अभियान है। यह किसानों का अपना कार्यक्रम है, किसान इसका अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी खेती को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खंडवा की बात ही अलग है। अतीत का खानदेश अब कई खासियतों के लिए मशहूर है। यहाँ की काली मिट्टी फसलों के लिए सोने जैसी है। इसीलिए यहां की फसलें भी सोने के भाव बिकती हैं। खंडवा जिले के हर खंड में किसानों की मेहनत से खुशहाली है। बात खेती-किसानी की हो, या जल और पर्यावरण बचाने की, खंडवा हर मामले में अव्वल है। यहां के परिश्रमी किसानों ने अपनी उद्यमशीलता और नवाचारों से पूरे देश और प्रदेश में खेती का एक अलग ही स्टैंडर्ड मॉडल सेट किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि बलराम कृषि महोत्सव आपका अपना महोत्सव है। इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि परम्परागत खेती अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। अब आधुनिक और उन्नत खेती का दौर है। किसान बंधु अपने खेत की मिट्टी की जांच करायें। मिट्टी की उत्पादकता के अनुसार ही फसल लें। बहुत अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने से बचें, जितनी जल्दी हो सके, प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर बढ़ें। फसल विविधीकरण अपनाएं। एक ही किस्म की फसल के स्थान पर एक ही समय में खेत में एकाधिक फसल लें। इससे किसानों के खेतों में नई फसल किस्मों की हरियाली आयेगी, साथ ही आमदनी भी बढ़ेगी।



#### किसानों के प्रति सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार लगातार किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। किसान अपनी मेहनत और पसीने से धरती से अन्न उगाते हैं और भूखों को अनाज उपलब्ध कराते हैं। किसानों के प्रति हमारी सरकार के मन में अगाध श्रद्धा और सम्मान है। किसान भाइयों को आज एक साथ 4000 रुपए सम्मान निधि के रूप में उनके बैंक खातों में भेजे गए हैं।

#### कृषक कल्याण वर्ष में किसानों की आय दोगुना करने का संकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की क्षमताओं को पहचानती है। भारत वह देश है, जो अपनी परम्पराओं में वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखते हुए संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानता है। हमारी संस्कृति 'जियो और जीने दो' पर विश्वास करती है। भगवान बलराम कृषि क्षेत्र के पहले देवता हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुना करने के लिए हम वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मना रहे हैं। इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों में बलराम कृषि महोत्सव मनाये जा रहे हैं।

#### दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह किसानों के प्रति हमारी संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि आज प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़कर 65 लाख हैक्टेयर हो गया है, जो कि वर्ष 2002-03 से पहले मात्र 44 लाख हैक्टेयर था। पिछले ढाई साल में सिंचाई का रकबा 10 लाख हैक्टेयर से अधिक बढ़ चुका है। राज्य सरकार ने कृषि क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए किसानों को बिजली, पानी, बेहतर सड़कें, प्राकृतिक खेती और आधुनिक खेती से जोड़ा है। किसान भाई अब ड्रोन से खेतों में खाद-बीज का छिड़काव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसी वर्षाकाल के बाद किसानों को रात के साथ दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार दूध उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। दूध उत्पादन के वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर हमने 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है।

#### अब एक समान कानून से चलेगा मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब एक देश, एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का संकल्प पूरा हो रहा है। 'सब समान-सबको सम्मान' ही हमारा भाव है। हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता विधेयक विधानसभा से पास करवाया है। अब हमारा प्रदेश एक समान कानून से चलेगा। उन्होंने बताया कि यूसीसी के संबंधित सर्वे में साढ़े 3 करोड़ से अधिक लोगों को एसएमएस भेजे गए। इसके लिए 10 लाख से अधिक सुझाव मिले। सर्वे में 76 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम बहनों ने यूसीसी लागू करने का समर्थन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में बहनों को तीन तलाक से मुक्ति मिल चुकी है। सभी समुदायों की महिलाएं हमारी बहनें हैं।

#### अगले माह से मिलेगी सरकारी रोडवेज बसों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की सौगात मिल रही है। हर महीने रक्षाबंधन मनता है। अगले महीने से प्रदेश के नागरिकों को सरकारी रोडवेज बसों की सौगात मिलेगी। यह गरीब, किसानों के कल्याण का समय है। प्रदेश में गरीब-जरूरतमंदों को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़े सभी धार्मिक स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सिंहस्थ: 2028 के आयोजन की तैयारियों के साथ ही ओंकारेश्वर धाम में भी 3 हजार करोड़ की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं।

#### गरीबों का कष्ट मिटाना, यही जीवन और राजनीति का मर्म है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खंडवा के दादाजी धूनीवाले के धाम और समाधि स्थल पर विकास के कार्य तेजी से जारी हैं। हमारा इरादा सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए प्रदेश को बेहतर राज्य बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को नि:शुल्क अनाज वितरित किया जा रहा है, जिससे अन्न के अभाव में कोई भी भूखा न सोये।

## तीन माह की बच्ची का इलाज कर PGI से लौट रहे एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत



**चम्बा, (एजेंसी) हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर लाहड़ के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। परिवार अपनी तीन माह की बच्ची का पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार कराने के बाद घर लौट रहा था, तभी सोमवार देर रात उनकी ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई।**

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचे। रात का समय और दुर्गम इलाका होने के कारण राहत एवं बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण रहा। काफी मशक्कत के बाद सभी शवों को खाई से बाहर निकाला गया।

एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज ने पुष्टि की कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी पांच लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे के समय क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही थी और अत्यधिक धुंध छाई हुई थी। माना जा रहा है कि खराब दृश्यता और फिसलन के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही होगी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से मानसून के दौरान पहाड़ी मार्गों पर यात्रा करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की है।

## ●चुनाव से पहले भाजपा सरकार का बड़ा दांव

# EWS के लिए आमदनी सीमा में बड़ा इजाफा संभव



**गांधीनगर, (एजेंसी)** विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात सरकार एक बड़ा कदम उठा सकती है। भाजपा की भूपेंद्र पटेल सरकार सामान्य वर्ग में आर्थक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए अधिकतम आमदनी की सीमा में बड़ा इजाफा कर सकती है। सरकार आमदनी की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपये सालाना कर सकती है, जिससे बड़ी संख्या में लोग EWS के दायरे में आ जाएंगे और इस वर्ग के लिए सरकार की योजनाओं और आरक्षण का लाभ ले सकेंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि गुजरात सरकार के न्याय और अधिकारिता विभाग ने गुजरात अनरिजर्व्ड एजुकेशनल एंड इक्नॉमिकल डिवेलपमेंट कॉर्पोरेशन (GUEEDC) की ओर से चलाए जाने वाली योजनाओं का लाभ अधिक लोगों को देने के लिए आमदनी की सीमा को बढ़ाने के लिए प्रक्रिया की शुरुआत की है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एक दशक पहले कॉर्पोरेशन के गठन के समय तय की गई सीमा में अभी क कोई बदलाव नहीं किया था और अब इसे 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक करने की योजना है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि विभाग यह जानने की कोशिश कर रहा है अनारक्षित वर्ग के युवाओं के लिए इस सीमा को किस हद तक बढ़ाया जा सकता है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की इंदौर में बड़ी कार्रवाई

# बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठान कराया बंद, दो प्रतिष्ठानों से 2,165 किलोग्राम/लीटर से अधिक संदिग्ध घी जब्त

## 31 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश के निर्देशों तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा सोमवार को दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा बाहरी राज्यों से इंदौर आने वाले खाद्य पदार्थों की सघन जांच हेतु विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया गया।



कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा 04 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 31 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसके अतिरिक्त दो प्रतिष्ठानों से 2,165 किलोग्राम/लीटर से अधिक संदिग्ध घी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12.21 लाख है, विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने तक नियमानुसार जब्त किया गया।

**बिना लाइसेंस संचालित मेसर्स श्री इंटरप्राइजेज कराया बंद, 1,115.4 किलोग्राम/लीटर संदिग्ध घी जब्त-** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा 34-B, ऋषि पैलेस, द्वारकापुरी के पीछे, सुदामा नगर, इंदौर स्थित मेसर्स श्री इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर श्रीमती उर्मिला श्रीवास्तव एवं संचालक श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव के पास खाद्य कारोबार संचालन हेतु आवश्यक वैध खाद्य लाइसेंस उपलब्ध नहीं पाया गया। बिना वैध अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार संचालित किया जाना पाए जाने पर जनस्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिष्ठान को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।

निरीक्षण के दौरान परिसर में विभिन्न ब्रांड के घी का बड़े पैमाने पर भंडारण पाया गया। गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर गौ अमृत घी (100 मि.ली., 200 मि.ली., 500 मि.ली., 1 लीटर एवं 15 किलोग्राम पैक), मिस्टी गाय का घी, मिस्टी भैंस का घी तथा शाश्वत घी सहित कुल 08 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

साथ ही मौके से 1,115.4 किलोग्राम/लीटर संदिग्ध घी, जिसकी अनुमानित कीमत 7,46,659 है, विश्लेषण प्रतिवेदन प्राप्त होने तक नियमानुसार जब्त किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**बाहरी राज्यों से इंदौर आने वाले घी की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी, डुग्गू एंटरप्राइजेज से 14 नमूने एवं 1,050 किलोग्राम घी जब्त-**

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा डुग्गू एंटरप्राइजेज, ड्रीम सिटी, तालावली चांदा, इंदौर का भी सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संचालक श्री मुदित अग्रवाल उपस्थित पाए गए। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान पर गुजरात राज्य में निर्मित श्री मूल, गोसंत, गूमर एवं श्री सिद्ध ब्रांड के विभिन्न प्रकार के घी का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। बाहरी राज्य से इंदौर में विक्रय हेतु लाए गए घी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी ब्रांडों से कुल 14 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध स्टॉक की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर लगभग 1,050 किलोग्राम घी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4.75 लाख है, विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने तक नियमानुसार जब्त किया गया।

**किशनलाल मायाराम प्रा. लि., पोलोग्राउंड का निरीक्षण-** किशनलाल मायाराम प्रा. लि., पोलोग्राउंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान से दूध, मावा, पनीर, घी, मिल्क केक एवं दूध कतली के कुल 06 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

**सतगुरु मिल्क प्रोडक्ट, पोलोग्राउंड का निरीक्षण-** सतगुरु मिल्क प्रोडक्ट, पोलोग्राउंड का निरीक्षण कर दूध एवं पनीर के कुल 03 नमूने जांच हेतु लिए गए।

**खाद्य कारोबारकर्ताओं को दिए गए निर्देश-** निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया कि खाद्य कारोबार केवल वैध खाद्य पंजीयन/अनुज्ञप्ति के अंतर्गत ही संचालित करें, खाद्य पदार्थों की ट्रेसबिलिटी एवं क्रय-विक्रय संबंधी अभिलेख व्यवस्थित रूप से संधारित करें, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का निर्धारित तापमान पर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करें, एक्सपायरी अवधि पूर्ण हो चुके खाद्य पदार्थों का किसी भी स्थिति में उपयोग अथवा विक्रय न करें, परिसर में उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखें, फूड हैंडलर्स के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र अद्यतन रखें, नियमित पेस्ट कंट्रोल कराएं तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के सभी प्रावधानों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें।

**वैधानिक कार्रवाई-** कार्रवाई के दौरान 04 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 31 खाद्य नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। साथ ही दो प्रतिष्ठानों से 2,165 किलोग्राम/लीटर से अधिक संदिग्ध घी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12.21 लाख है, विश्लेषण प्रतिवेदन प्राप्त होने तक जब्त किया गया तथा एक प्रतिष्ठान को बिना वैध खाद्य लाइसेंस संचालित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया।

संग्रहित सभी खाद्य नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि आमजन को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विशेष रूप से बाहरी राज्यों से आने वाले दुग्ध उत्पादों तथा बिना वैध अनुज्ञप्ति संचालित खाद्य कारोबारों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी मिलावटी, अमानक अथवा संदिग्ध खाद्य पदार्थों का विक्रय होता दिखाई दे तो इसकी सूचना कलेक्टर हेल्पलाइन 0731-181, CM हेल्पलाइन, FoSCoS पोर्टल अथवा अन्य उपलब्ध माध्यमों से दें। प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




## नवागत संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने इंदौर विकास प्राधिकरण और एनवीडीए में पदभार ग्रहण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। नवागत संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने सोमवार को इंदौर विकास प्राधिकरण में सहअध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इंदौर विकास प्राधिकरण कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े ने श्री भास्कर लक्षकार को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने पदभार लेने के पश्चात अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर इंदौर विकास प्राधिकरण की वर्तमान में प्रचलित योजनाओं की प्रारंभिक जानकारी ली। इस अवसर पर इंदौर विकास प्राधिकरण के अधीक्षण यंत्री, नियोजक, सलाहकार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही नवागत संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार ने एनवीडीए का भी पदभार ग्रहण किया।

कारगिल विजय दिवस पर

## शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किलाभवन, इंदौर में प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा शासन के निर्देशानुसार 27 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन एन.एस.एस अधिकारी प्रो. शीतल ब्राह्मणे, प्रो. दीपिका सेठे एवं प्रो. आरती चौहान के मार्गदर्शन में किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता एवं अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके अद्वितीय साहस, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप निरीक्षक श्री बृजेश शर्मा, सहायक उप निरीक्षक श्री रमेश सोलंकी, प्रधान आरक्षक श्री ओमप्रकाश निहाले, महिला प्रधान आरक्षक साधना शुक्ला, आरक्षक श्री राघवेंद्र सिंह उपस्थित रहें । उप निरीक्षक श्री बृजेश शर्मा ने कारगिल युद्ध की वीरगाथाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन और त्याग के कारण ही भारत ने विजय प्राप्त कर विश्व के समक्ष अपनी सैन्य शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस दिवस की उपयोगिता और महत्व को बताते हुए छात्राओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, प्रेरक भाषण, कविता पाठ, पोस्टर निर्माण तथा कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर तथा राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं सौ से अधिक छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने छात्राओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. शीतल ब्राह्मणे एवं आभार प्रो. दीपिका सेठे द्वारा किया गया।

# समय-सीमा के प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : कलेक्टर शिवम वर्मा

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण, राजस्व शिविरों के आयोजन और अवैध अतिक्रमण हटाने पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।



समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही एवं उदासीनता पाए जाने पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने श्रम विभाग के सहायक आयुक्त श्री डी.पी. सिंह को कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा शासन की अन्य प्राथमिकता वाली योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन विभागों में लगातार लापरवाही सामने आएगी, उनके विरुद्ध वित्तीय दंड सहित आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जिले में हल्का स्तर पर आयोजित किए जा रहे राजस्व जनकल्याण शिविरों से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित नामांतरण, बंटवारा, बटांकन, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन से संबंधित राजस्व प्रकरणों का भी शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को तहसील अथवा कलेक्टर कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कॉलोनाइजेशन के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करें। जहाँ भी अवैध अतिक्रमण दिखाई दे, वहाँ बिना विलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाले विषयों एवं समय-सीमा के प्रकरणों का गंभीरता से निराकरण करते हुए आमजन को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑटो ड्राइवर को कुचलने वाला हाथी गायब

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र) इंदौर।** हाथी के हमले में ऑटो ड्राइवर की मौत मामले में महावत उमेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। पशु को नियंत्रित करने में लापरवाही बरतने की धारा भी लगाई गई है। पूछताछ के बाद रविवार रात उमेश को थाने से छोड़ दिया गया। दूसरी तरफ, हाथी को भी संचालक गौ आश्रम से ले गए। ये कहां गए हैं, इसका पता नहीं चल सका है। दरअसल, रविवार को राजनगर पुलिस चौकी के पास एक हाथी ने ऑटो ड्राइवर विजय होलकर को सूंड से उठाकर पटक दिया। इसके बाद पैर से कुचल दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल विजय को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। टीआई तिलक करोले ने कहा- महावत उमेश उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित निर्मोही अखाड़ा के पास रहता है। पूछताछ में उमेश ने बताया कि वह हाथी के साथ एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने इंदौर आया था। उसके अनुसार हाथी पहले कभी इस तरह आक्रामक नहीं हुआ था। घटना के बाद हाथी को पंचकुईया मंदिर के पास बने गौ आश्रम में बांधा गया था। सोमवार को पता चला कि हाथी को उसके संचालक अपने साथ ले गए हैं। फिलहाल हाथी कहां है, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं, चंदन नगर पुलिस और संबंधित विभाग भी हाथी को रखने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं ले पाए हैं। चिड़ियाघर प्रशासन ने भी उसे अपने यहां रखने पर स्पष्ट सहमति नहीं दी थी।

### अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 15 गैस सिलेंडर जब्त, संचालक पर प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध गैस सिलेंडर भंडारण एवं रिफिलिंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने देपालपुर स्थित वीर किराना बर्तन एवं जनरल स्टोर्स पर छापामार कार्रवाई की।

खाद्य विभाग द्वारा की जांच के दौरान दुकान पर घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री एवं गैस रिफिलिंग का कारोबार संचालित होता पाया गया। मौके से अवैध रूप से संग्रहित 15 नग



गैस सिलेंडर जब्त किए गए। संबंधित संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्य के लिए करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध रिफिलिंग या भंडारण की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें। जिले में इस तरह की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## वकील के सूने मकान में लाखों की चोरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में चोरों ने एक वकील के सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश घर के ताले तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के जेवर, नकदी तथा जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर ले गए।**

वारदात के दौरान आरोपियों ने घर में जमकर तोड़फोड़ भी की। पुलिस को संदेह है कि घटना में बांक टाडा गिरोह के चोरों का हाथ हो सकता है। पुलिस के अनुसार सिल्वर पार्क, बाल्याखेड़ा निवासी सौरभ पाटोदिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सौरभ पेशे से वकील हैं। उन्होंने बताया कि 23 जुलाई की शाम 7 बजे से 26 जुलाई की दोपहर के बीच किसी समय बदमाश मकान के ताले तोड़कर घर में घुसे।

सौरभ ने बताया कि वह परिवार के साथ एक उद्यापन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लौटते समय शिप्रा क्षेत्र में उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके कारण उन्हें देवास में रुकना पड़ा। अगले दिन घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले और अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। बदमाशों ने घर में रखे टीवी, शोकेस, मंदिर, फर्नीचर और लाइटों में भी तोड़फोड़ की। इसके बाद गोदरेज का लॉकर तोड़कर उसमें रखी सोने की चार चूड़ियां, एक सोने का पेंडल, एक सोने की अंगूठी, नाक के तीन सोने के कांटे, पूजा में उपयोग होने वाले सोने-चांदी के चार सिक्के, चांदी की चार अंगूठियां, चार जोड़ी पायजेब, नकदी और जमीन के अनुबंध से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी कर लिए। सौरभ के अनुसार उनकी मां के लगभग सभी जेवर चोरी हो गए हैं, जिनकी वर्तमान कीमत करीब 8 लाख रुपए से अधिक है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खंडवा में प्रसिद्ध दादाजी धूनीवाले धाम में किए दर्शन-पूजन

# बाहरी आडंबरों से अलग है दादाजी धूनीवाले धाम जहां आध्यात्मिक शक्ति का होता है अनुभव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खंडवा के सुप्रसिद्ध धूनीवाले दादाजी का स्वभाव जनकल्याणकारी भावनाओं से ओत-प्रोत था। उन्होंने अपने जीवनकाल में सर्वधर्म सद्भाव, भूखों को अन्न खिलाने और श्रद्धा-भाव से सभी भक्तों के कष्टों के निवारण को प्राथमिकता दी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दादाजी धूनीवाले धाम बाहरी आडंबर से अलग है और यहां आने के बाद हर किसी को आंतरिक और आध्यात्मिक शक्ति का अनुभव होता है। बड़े दादाजी और छोटे दादाजी का यह अविस्मरणीय स्थान खंडवा ही नहीं, संपूर्ण मध्यप्रदेश के लिए गौरव और आस्था का स्थान





रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को खंडवा जिला मुख्यालय में दादाजी धूनीवाले धाम में दर्शन-पूजन करने के बाद स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से दादाजी धूनीवाले धाम में हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर कई तरह की मत भिन्नता थीं। राज्य सरकार ऐसी सभी समस्याओं का समाधान निकालते हुए विकास कार्यों को गति प्रदान कर रही है। दादाजी धूनीवाले धाम की मर्यादा के अनुरूप राज्य सरकार सभी प्रकार से नियम और संयम का पालन कर दादाजी के आशीर्वाद से इस धाम को भव्य और दिव्य बनाएगी। सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

## हाइवे पर डकैत कल्ली गुर्जर का आतंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** एबी रोड (आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे) पर रविवार शाम बेखौफ डकैतों की रंगदारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बिना नंबर की सफेद बोलेरो से आए हथियारबंद 30 हजार रुपए के इनामी डकैत कल्ली गुर्जर ने किराना सामान से भरे एक कंटेनर को ओवरटेक कर रोक लिया। बंदूक की नोक पर रंगदारी मांगने के दौरान जब चालक ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो बदमाशों ने गाड़ी पर राइफल से ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। गोलियों से कंटेनर के पूरे 12 टायर पंक्चर (बर्स्ट) हो गए। इसी समय वहां से पुलिस की पेट्रोलिंग टीम निकली तो बदमाश आरोपी चालक-हेल्पर को जान से मारने और आगे गाड़ी चलाने पर रंगदारी देने की धमकी देकर फरार हो गए।

## जीतू पटवारी के प्रचार पर रोक लगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** विधानसभा उपचुनाव में बयानबाजी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ मुख्य निर्वाचन आयुक्त से शिकायत की है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि दतिया में चुनावी सभा के दौरान जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और शासकीय संस्थाओं के संबंध में तथ्यों से परे और तर्कहीन बयान दिए, जिससे मतदाताओं के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है। बीजेपी ने निर्वाचन आयोग से मामले की जांच कर चुनाव प्रचार की बाकी बची अवधि के लिए पटवारी के दतिया में प्रवेश और चुनाव प्रचार पर रोक लगाने की मांग की है।

## डॉ. यादव ने खिलाड़ियों को दी बधाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चीन के हांगझोउ में आयोजित आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप- 2026 की महिला 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता में भारत की स्टार निशानेबाज सुश्री ईशा सिंह को स्वर्ण पदक और सुश्री मनु भाकर को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की बेटियां विश्व कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ईशा सिंह और मनु भाकर ने विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर सम्पूर्ण भारत का मान बढ़ाया है।

# महाकाल मंदिर में पहली बार दक्षिण भारतीय व्यंजन भी मिलेगा

### इडली, सांभर, स्टीम चावल, पोंगल मिलेंगे; मंगलवार-शुक्रवार को नई व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। श्री महाकालेश्वर मंदिर के निःशुल्क अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं को अब तक दाल, चावल, रोटी-सब्जी के साथ मीठा खाने को मिलता था। अब मंदिर समिति पहली बार देश भर से आए भक्तों के लिए दक्षिण भारतीय व्यंजन सांभर, इडली, स्टीम चावल, मौसमी सब्जी, पोंगल के साथ पुलिहोरा, पायसम रसम, मौसमी सब्जी, स्टीम चावल भी खिलाने जा रही है।**



मंदिर समिति का अन्न क्षेत्र पूरी तरह दान से संचालित होता है। यहां रोजाना दो शिफ्ट में करीब 9 हजार श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण करते हैं। भगवान महाकालेश्वर को रोजाना सुबह 10 बजे भोग अर्पित किया जाता है। थाली में गेहूं की रोटी, दाल-चावल और दो तरह की सब्जियां रहती थी। कई बार श्रद्धालु अपनी ओर से मिठाई अर्पित करते हैं, उसे भी भोग थाली में शामिल किया जाता है। महाकाल मंदिर समिति निःशुल्क अन्नक्षेत्र में मंगलवार से दक्षिण भारतीय पारंपरिक प्रसाद भी मिलने लगेगा। इसके लिए दो दिन निर्धारित किए हैं। देश भर से दर्शन करने आने वाले भक्तों के लिए अब प्रति मंगलवार सांभर, इडली, स्टीम चावल, मौसमी सब्जी, पोंगल और प्रत्येक शुक्रवार पुलिहोरा, पायसम, रसम, मौसमी सब्जी, स्टीम चावल प्रसादी के रूप में खाने को मिल सकेगा।

## अनाज भंडारण में पंजाब-हरियाणा से आगे निकला एमपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** देश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन के लिए पहचाने जाने वाला मध्य प्रदेश अब सरकारी खाद्यान्न भंडारण क्षमता में भी अग्रणी राज्यों की कतार में पहुंच गया है। संसद में केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 34.94



लाख मीट्रिक टन (3,493.80 हजार टन) खाद्यान्न भंडारण की क्षमता उपलब्ध है। इस क्षमता के आधार पर मध्य प्रदेश देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। खास बात यह है कि पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना और ओडिशा जैसे बड़े कृषि एवं उपभोक्ता राज्य भी भंडारण क्षमता के मामले में मध्य प्रदेश से पीछे हैं। राज्यसभा में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से दिए गए लिखित उत्तर में यह जानकारी सामने आई है। सरकार के अनुसार देश में वर्ष 2024-25 के दौरान एफसीआई, राज्य एजेंसियों और अन्य व्यवस्थाओं को मिलाकर कुल 5.55 करोड़ मीट्रिक टन खाद्यान्न भंडारण क्षमता उपलब्ध है। इसमें अकेले मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी करीब 6.3 प्रतिशत है। प्रदेश से आगे केवल उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं।

## उज्जैन में कुत्ते को बचाने में कार पलटी, पति-पत्नी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन जिले में रविवार शाम गरोठ हाईवे पर एक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई। बड़ौत से करीब 10 किलोमीटर पहले एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में कायथा निवासी जगदीश राठौर और उनकी पत्नी मनोरमा राठौर ने जान गंवा दी। परिवार के अन्य सदस्य घायल हुए हैं, जबकि दोनों बच्चे सुरक्षित हैं।

राठौर परिवार उज्जैन जिले की तराना तहसील के कायथा गांव का रहने वाला है। वे रविवार शाम भेरू महाराज के दर्शन और पूजन के लिए जा रहे थे। उनकी कार गरोठ हाईवे पर बड़ौत से लगभग 10 किलोमीटर पहले पहुंची थी, तभी अचानक सड़क पर एक कुत्ता आ गया।

कुत्ते को बचाने की कोशिश में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कार पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि जगदीश राठौर की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी मनोरमा राठौर गंभीर रूप से घायल हो गईं और उज्जैन ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

हादसे में परिवार के अन्य सदस्य, जिनमें दीपक राठौर भी शामिल हैं, घायल हुए हैं। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें पांच वयस्क और दो बच्चे शामिल थे। सौभाग्य से, दोनों छोटे बच्चे सुरक्षित बच गए।

## संपादकीय

# नकल माफिया पर बड़ा प्रहार!

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को लोक सभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 प्रस्तुत किया। इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के प्रावधानों को और मजबूत करना है। इसके तहत त्वरित जांच, विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतों के माध्यम से त्वरित सुनवाई, विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति, अपीलों का समयबद्ध निपटान और अधिक कठोर दंड प्रावधानों की व्यवस्था की गई है, ताकि लोक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और संगठित गड़बड़ियों को प्रभावी तरीके से रोका जा सके। हाल के वर्षों में प्रश्न-पत्र लीक होने और परीक्षा से जुड़ी संगठित गड़बड़ियों की घटनाओं को देखते हुए, मौजूदा कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए ये प्रस्तावित संशोधन लाए गए हैं। इनका उद्देश्य अधिक जवाबदेही तय करना, ऐसे अपराधों के खिलाफ सख्त रोक लगाना और लोक परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखना है। इस विधेयक में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वालों के लिए सजा बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसके तहत जेल की सजा को कम से कम तीन वर्ष, जिसे पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, के मौजूदा प्रावधान से बढ़ाकर कम से कम पांच वर्ष, जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही, अधिकतम जुर्माना भी 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने का प्रस्ताव है। इस अधिनियम के तहत अपराधों में शामिल पाए जाने वाले सेवा प्रदाताओं के लिए, विधेयक में अधिकतम जुर्माना 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने और उन्हें कोई भी लोक परीक्षा आयोजित करने से प्रतिबंधित करने की अवधि को चार वर्ष से बढ़ाकर आठ वर्ष करने का प्रस्ताव है। इस विधेयक में सेवा प्रदाताओं के प्रबंधकीय कर्मियों के लिए कड़ी सजा का भी प्रस्ताव है। इसमें कम से कम पांच वर्ष और अधिक से अधिक दस वर्ष तक की जेल की सजा और अधिकतम जुर्माना 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए करने का प्रावधान है। इस संशोधन विधेयक में परीक्षा से जुड़े संगठित अपराधों से बेहतर तरीके से निपटने के लिए जेल की कम से कम सजा को पांच वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष, जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, करने और अधिकतम जुर्माना 1 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव है। यह विधेयक केंद्र सरकार को यह अधिकार भी देता है कि वह इस अधिनियम के तहत अपराधों की जांच का कार्य इस उद्देश्य के लिए गठित विशेष कार्य बल को सौंप सकता है। त्वरित जांच और सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए विधेयक में एक नई धारा 12क अंत:स्थापित करने का प्रस्ताव है। इसमें दो माह के भीतर जांच पूरी करने, इस अधिनियम के तहत अपराधों की दैनिक सुनवाई के लिए सत्र न्यायालय को विशेष फास्ट ट्रैक अदालत के तौर पर नामित करने, आरोप पत्र दाखिल होने की तारीख से तीन माह के अंदर सुनवाई पूरी करने और प्रत्येक विशेष फास्ट ट्रैक अदालत के लिए विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति का प्रावधान है।

## Health is Wealth

### बिना टेस्ट जानिए

# आप कितने हेल्दी हैं! शरीर देता है ये 8 संकेत

क्या अच्छी सेहत का मतलब सिर्फ यह है कि आपकी ब्लड टेस्ट रिपोर्ट सामान्य आए? बिल्कुल नहीं। कई बार हमारा शरीर बिना कुछ कहे ही रोज ऐसे संकेत देता है, जो बताते हैं कि अंदर से सब कुछ सही तरीके से काम कर रहा है। सुबह उठते ही भूख लगना, रात में आसानी से नींद आ जाना या फिर बिना थके तेज चल पाना जैसी बातें मामूली लग सकती हैं, लेकिन ये आपकी अच्छी सेहत की निशानी हो सकती हैं।



डॉक्टर पंक्ति शाह के अनुसार, शरीर के ये छोटे-छोटे संकेत बताते हैं कि आपकी नींद, पाचन, खानपान, ऊर्जा और मानसिक संतुलन एक-दूसरे के साथ सही तालमेल में काम कर रहे हैं। आइए जानते हैं ऐसे ही 8 आसान संकेत, जो आपकी सेहत का हाल बयां कर सकते हैं।

### 1. आपको 15 से 20 मिनट के अंदर नींद आ जाती है

अगर बिस्तर पर जाने के कुछ ही समय बाद आपको आराम से नींद आ जाती है, तो यह अच्छी बात है। यह संकेत हो सकता है कि आपकी दिनचर्या, तनाव का स्तर और शरीर की प्राकृतिक घड़ी सही तरीके से काम कर रही है।

### 2. सुबह उठते ही भूख महसूस होती है

अगर सुबह उठने के बाद आपको अपने आप भूख लगती है, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आपका पाचन और शरीर की ऊर्जा का संतुलन ठीक है। लंबे समय तक बिल्कुल भूख ना लगना कई बार शरीर के असंतुलन की ओर इशारा कर सकता है।

### 3. पेट आसानी से साफ हो जाता है

अगर रोजाना बिना ज्यादा समय लगाए और बिना परेशानी के पेट साफ हो जाता है, तो यह अच्छे पाचन का संकेत है। इसके लिए पर्याप्त पानी, फाइबर वाला भोजन और नियमित दिनचर्या भी जरूरी है।

### 4. दिनभर काम करने के लिए बार-बार चाय या कॉफी की जरूरत नहीं पड़ती

अगर आप सिर्फ जागे रहने या काम करने के लिए हर समय चाय या कॉफी पर निर्भर नहीं रहते, तो यह इस बात का संकेत हो सकता है कि आपके शरीर में प्राकृतिक ऊर्जा बनी हुई है।

### 5. त्वचा ज्यादातर समय स्वस्थ रहती है

हर किसी की त्वचा अलग होती है, लेकिन अगर आपकी त्वचा सामान्य रूप से साफ और स्वस्थ रहती है, तो यह संतुलित खानपान, पर्याप्त पानी और अच्छी देखभाल का संकेत हो सकता है।

### 6. आपकी चलने की रफ्तार अच्छी है

अगर आप बिना ज्यादा थके सामान्य गति से चल पाते हैं, तो यह शरीर की ताकत, संतुलन और हृदय की अच्छी कार्यक्षमता की ओर इशारा करता है।

### 7. छोटी चोट या घाव जल्दी भर जाते हैं

अगर शरीर पर लगी छोटी खरोंच या हल्का घाव जल्दी ठीक हो जाता है, तो यह शरीर की हील करने की क्षमता के सही ढंग से काम करने का संकेत हो सकता है। इसके पीछे अच्छा खानपान और पर्याप्त आराम भी अहम भूमिका निभाते हैं।

### 8. आप अपनी भावनाओं को संभाल पाते हैं

हर किसी को गुस्सा, दुख या चिंता होती है, लेकिन अगर आप बिना तुरंत प्रतिक्रिया दिए अपनी भावनाओं को समझ और संभाल पाते हैं, तो यह मानसिक रूप से स्वस्थ होने का भी एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाता है।

### सिर्फ एक संकेत से तय नहीं होती सेहत!

इनमें से सभी संकेत हर व्यक्ति में एक जैसे नहीं होते। अगर इनमें से एक या दो बातें आपमें नहीं हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि आप बीमार हैं। अच्छी सेहत का मतलब है संतुलित भोजन, पर्याप्त नींद, नियमित शारीरिक गतिविधि, तनाव पर नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली। इसके अलावा किसी भी तरह की विशेष जानकारी के लिए अन्य डॉक्टर से उचित सलाह ले सकते हैं।

New Delhi

### जंतर-मंतर हिंसा पर दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन :

# सीसीटीवी जांच में 2,873 संदिग्धों की पहचान

## कई लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड मिला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस पिछले हफ्ते जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों में हुई हिंसा एवं उपद्रव की घटनाओं से जुड़े सैकड़ों गीगाबाइट CCTV फुटेज की जांच कर रही है। ये घटनाएं कथित परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर व्यंग्यात्मक राजनीतिक संगठन 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान हुईं। 20 और 22 जुलाई को हाई-सिक्योरिटी वाले सेंट्रल दिल्ली स्थित प्रदर्शन स्थल पर CJP समर्थकों और पुलिस के बीच कई बार टकराव हुआ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब तक कम से कम 100



CCTV वीडियो क्लिप में प्रदर्शनकारियों को सुरक्षा घेरा तोड़ते, पुलिसकर्मियों पर हमला करते, पथराव करते और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए देखा गया है। जांच में फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (FRS) का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि इसके जरिए अब तक 2,873 ऐसे लोगों की पहचान की गई है, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड पहले से पुलिस के डेटाबेस में दर्ज है। सूत्रों के मुताबिक, पहचाने गए लोगों में से 989 के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, दुष्कर्म, अपहरण, डकैती, Arms Act और POCSO Act जैसे गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं। पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार, इनमें 101 हत्या, 62 हत्या की कोशिश, 284 डकैती, 61 दुष्कर्म, 6 POCSO Act, 25 यौन उत्पीड़न, 229 Arms Act और 19 अपहरण के मामलों से जुड़े आरोपी शामिल हैं। हत्या के मामलों में आरोपी 101 लोगों में से 42 के खिलाफ दो या उससे अधिक केस दर्ज हैं, जबकि 12 पर 10 या उससे अधिक मामले दर्ज होने की बात कही गई है।

Uttarpradesh

### राम मंदिर दान चोरी

## सभी आठ आरोपी जेल में ही रहेंगे, दस अगस्त तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



**अयोध्या, (एजेंसी) अयोध्या में राममंदिर चढ़ावा चोरी में जेल में बंद आठों आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा दस अगस्त तक कोर्ट ने बढ़ा दी है। सोमवार को जेल में निरुद्ध आठो आरोपियों की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पेशी हुई। एंटी करप्शन कोर्ट ने सोमवार को यह आदेश दिया। इससे पहले पुलिस आठो आरोपियों को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर उनके पास से तीन कार, एक मोटरसाईकिल कैश व आभूषण पुलिस ने बरामद किया गया है। पुलिस आरोपियों को उनके ठिकानो पर भी लेकर गई तथा वृहद स्तर पर पूछताछ की। अपराध करने के सीन को पुलिस ने रिक्रिएट कराया।**

एसआईटी की पहली रिपोर्ट शासन को सौंपी जाने के बाद एफआईआर दर्ज करते हुए आठ आरोपियों अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, करुणेश पाण्डेय, लवकुश मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव, रमाशंकर मिश्रा, रामशंकर यादव टिन्नू व मनीष यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद अदालत के निर्देश पर पहले जेल में ही इनसे पूछताछ हुई। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर चुकी है।

New Delhi

## पीएम मोदी से मिले स्काईरूट के फाउंडर, फ्यूचर प्लानिंग सुनकर जताई खुशी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस (Skyroot Aerospace) के फाउंडर के साथ मुलाकात की है, जिनके नाम पवन चंदना और नागा भरत डाका है. प्रधानमंत्री ने इनके साथ बातचीत की है और उनकी कंपनी की भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस के ऑफिशियल X अकाउंट पर मौजूद पोस्ट को रिपोस्ट किया और बताया है कि पवन चंदना और नागा भरत डाका से मुलाकात कर बातचीत की. सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बताया कि इस बातचीत में विक्रम-1 की सफलता बातचीत का मुख्य विषय रहा है. साथ ही कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई है. प्रधानमंत्री मोदी ने पोस्ट करके बताया है कि स्काईरूट की भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकर उन्हें बेहद खुशी हुई है. प्रधानमंत्री ने बताया है कि दोनों की ऊर्जा और सकारात्मक सोच भारत के तेजी से आगे बढ़ रहे प्राइवेट स्पेस इकोसिस्टम की जीवंत भावना को दिखाता है. प्रधानमंत्री ने स्काईरूट एयरोस्पेस की पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं भी दीं.



Jammu & Kashmir

## सोनमर्ग हाईवे पर खाई में गिरी अमरनाथ यात्रा बस, 30 श्रद्धालु घायल

**श्रीनगर, (एजेंसी)** अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल बेस कैंप जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस सोनमर्ग हाईवे के एस-मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में पलट गई. हादसे के वक्त बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से 30 यात्री घायल हो गए हैं. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, सुरक्षा बलों और स्थानीय निवासियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू कर सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया.

पुलिस ने बताया कि सोनमर्ग हाईवे पर गंड के हरीगनीवान इलाके में एस-मोड़ पर श्रद्धालुओं से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो कर खाई में पलटने की सूचना मिली थी, ये बस अमरनाथ यात्रा के श्राद्धलुओं को लेकर बालटाल बेस कैंप की ओर जा रही थी.



मौके पर पहुंची टीम ने बताया कि मंगलवार सुबह बालटाल से श्रीनगर जा रही अमरनाथ यात्रियों से भरी एक बस (नंबर AR-11D-5655, जिसमें लगभग 50 यात्री सवार थे) सोनमर्ग रोड पर हरि गनीवान के पास 'S-मोड' पर दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई और सड़क किनारे ढलान पर लगभग 20-25 मीटर नीचे लुढ़कते हुए एक घर की छत पर जाकर रुक गई.

खेल

# ईशा सिंह ने महिला 25 मीटर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक, मनु भाकर को विश्व कप में मिला कांस्य

**हांगझू, (एजेंसी) भारत की उदीयमान निशानेबाज ईशा सिंह ने सोमवार को आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्तौल/शॉटगन) में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ओलंपिक पदक विजेता हमवतन खिलाड़ी मनु भाकर को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। मनु ने कांस्य पदक जीता और भारत ने इस तरह से इस स्पर्धा में दो पदक हासिल किए। 21 वर्षीय ईशा ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 अंक बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि पेरिस 2024 ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु ने शूटऑफ जीतकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने कुल 28 अंक बनाए।**

भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालिफाइंग दौर से ही अच्छी शुरुआत की। मनु ने 586 अंक बनाकर क्वालिफाइंग में पहला



स्थान हासिल किया, जबकि ईशा 585 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। इस तरह से इन दोनों ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में आसानी से जगह बनाई। एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582 का स्कोर बनाया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (576) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573) ने केवल रैंकिंग अंकों के लिए (आरपीओ) खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

### मनु बोलीं- इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा

इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली ईशा ने कहा, 'पिछली जीत के कारण मुझ पर काफी दबाव था। जब आप अपनी स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो आपसे काफी उम्मीद की जाती है। मुझे खुशी है कि आज मैं इस दबाव को झेलने में सफल रही।' दूसरी तरफ मनु ने कहा कि इस पदक से उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस तरह की सफलता सीढ़ी का काम करती है। इससे मुझे यह पता चलता है कि मैं किस दिशा में आगे बढ़ रही हूं। इस पदक से निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और इसका मुझे विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में फायदा मिलेगा। ईशा ने इस सत्र के शुरू में म्यूनिख विश्व कप के फाइनल में 43 अंक बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस तरह से उन्होंने अपनी निरंतरता बनाए रखी है जो आगामी प्रतियोगिताओं की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

सिनेमा

## शिल्पा शिंदे हुईं भावुक, कहा- मैं शेल्टर हाउस में रहती हूं, परिवार होते हुए भी अनाथ हूं



शिल्पा शिंदे ने नेटफ्लिक्स के रिएलिटी शो 'लॉकअप 2' में अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा राज बताया। शिल्पा, शिवांगी जोशी के पास गईं और कहा, 'तुमने कुछ बोला था, रिश्तों के बारे में। प्लीज दोबारा बोलना।' शिवांगी बोलीं, 'हां! मैंने ये कहा था कि आप ऐसी हैं इसलिए हमेशा अकेली रहती हैं।' इस पर शिल्पा बोलीं, 'थैंक यू! चलो अच्छा है। मेरी पर्सनल बात आपको पता थी और आपने यहां बोल दी। लोग फैमिली-फैमिली बोलते हैं। लोगों के पास फैमिली नहीं होती और मेरे पास फैमिली होकर भी मैं अनाथ हूं। मैं शेल्टर हाउस में रहती हूं। ये मैं कोई सिम्पैथी के लिए नहीं कह रही हूं।' शिल्पा ने आगे कहा, 'तीन साल हो गए...मेरे शोल्डर की सर्जरी हुई थी। मेरा भाई उसकी वाइफ से इन्फ्लुएंस हुआ और मेरी मां मेरे भाई से इन्फ्लुएंस हो गई। सर्जरी हुए अभी चार दिन ही हुए थे और मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया। अब आप बोलोगे कि आप वो इतने बुरे हैं कि आपको निकाल दिया? सर्कम्स्टैंसेस ऐसे क्रिएट किए गए कि उनको पता है मैं बहुत सेल्फ रिस्पेक्ट वाली लड़की हूं और मैं रात को ग्यारह बजे मेरा घर छोड़कर चली गई थी।'

## Highlights

1. If criminals enter protest, use of weapons is justified: LJP MP on AK-47 use against Bihar students
2. RAF man fired 7 pellet gun rounds during Parliament march, 5 hit protesters: Reports
3. Cobra found inside ₹3 lakh bike in Guj, hours-long rescue follows
4. Over 20 cars, including many luxury vehicles, burnt in massive fire at Bengaluru garage
5. Dholavira offers lessons in water management
6. 19-yr-old girl dies by suicide over low marks in NEET, leaves note
7. UP's Kanpur plans to convert sewage into clean energy
8. Traffic cop suspended after ₹5,000 bribe allegation in lorry case

# HDFC Bank fines 3 top executives in MSRDC case




**NEW DELHI, (Agency).** HDFC Bank's board on Monday issued warning letters and levied a ₹1 lakh penalty on three top officials of the bank, after announcing the completion of an internal review for the Maharashtra State Road Development Corporation (MSRDC) issue.

These officials include managing director and chief executive officer Sashidhar Jagdishan, chief financial officer Srinivasan Vaidyanathan, and Arvind Vohra, group head for retail assets.

NIA court acquits 6 Pak nationals arrested in 2019 for smuggling 218kg heroin

In a filing with the exchanges, the bank said it has also issued warning letters to other employees involved in the case.

The matter pertains to the bank's arrangement with MSRDC for garnering deposits in 2017 and 2021, as reported by Indian Express on 27 May. The report alleged that HDFC Bank made payments of ₹45 crore to MSRDC—routed as marketing expenses—to effectively offer higher returns on its deposits with the bank.

The newspaper report had also claimed that internal records reviewed during the probe pointed to discussions involving senior management, including Jagdishan. The payments were allegedly structured as 'differential interest' linked to deposits from MSRDC, but were routed through the bank's marketing department and shown as contributions towards a road safety awareness campaign involving local vendors, instead of being directly booked as interest payouts.

In a meeting on 23 July, the board concluded that the conduct of the employees involved constituted "business overreach" rather than any mala fide action, personal enrichment, or improper motive.

However, keeping in view "any potential divergence with the applicable RBI Directions and based on the recommendations of the Special Disciplinary Committee of Independent Directors", it decided to issue warning letters and monetary penalty.

When the issue first came to light, HDFC Bank had said that it has robust internal oversight, audit and control processes and systems, and that full process is always followed before final determination post any internal review. It also rejected any assumptions of wrongdoing or culpability "based on selective material".

"The only way to close these issues is to actually impose some level of penalty. This is not such a massive control breach, and nobody really has defaulted the bank or committed a fraud," said Abizer Diwanji, Founder - NeoStrat Advisors LLP. "It was a commercial negotiation, which has been implemented in a rather crude manner."

HDFC Bank notified the exchanges post market hours on Monday. Shares of the lender ended 0.4% lower at ₹739.55 on the NSE.

The board's decision appears to be an attempt to draw a line between commercial overreach and dishonest intent, said Soumya Singh, co-founding partner, Thistle&Law, adding that the absence of mala fide intent, however, does not automatically eliminate accountability from a governance perspective.

# नर्मदा में बहा इंदौर का युवक, 9 घंटे बाद मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खरगोन जिले के महेश्वर में सहस्त्रधारा घाट पर इंदौर का 30 वर्षीय युवक अर्पित हाड़ा परिवार के सामने नर्मदा की तेज धारा में बह गया। पत्नी और भाई मदद के लिए चीखते रहे। देखते ही देखते वह कुछ ही सेकेंड में ओझल हो गया। इसका वीडियो भी सामने आया है। सोमवार को करीब 9 घंटे की सर्चिंग के बाद शव बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

घटना रविवार शाम करीब 5 बजे की है। सूचना मिलने पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने सर्चिंग शुरू की। शाम से रात तक पुलिस, होमगार्ड और गोताखोरों ने तलाश की, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह से फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।



घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम नाव से सर्च किया। शाम करीब 5 बजे नदी से शव बरामद किया गया। अर्पित हाड़ा इंदौर के निपानिया क्षेत्र के रहने वाले थे। वे परिवार के पांच सदस्यों के साथ महेश्वर और आसपास के पर्यटन स्थलों पर घूमने आए थे। महेश्वर दर्शन के बाद शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे जलकोटी स्थित सहस्त्रधारा पहुंचे। नर्मदा में स्नान के दौरान उनका पैर फिसला और वे गहरे पानी के साथ तेज बहाव में चले गए। अर्पित को बहता देख उनकी पत्नी और भाई ने शोर मचाकर लोगों से मदद मांगी। आसपास मौजूद नाविक, ग्रामीण और पर्यटक दौड़कर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव, गहरे पानी और पथरीले इलाके की वजह से कोई भी नदी में उतरने की हिम्मत नहीं कर सका। कुछ ही सेकेंड में अर्पित तेज धारा में ओझल हो गए।

सूचना मिलते ही महेश्वर पुलिस, होमगार्ड की रेस्क्यू टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। टीम ने नर्मदा के विभिन्न कुंडों और बहाव वाले हिस्सों में देर शाम तक तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन रोकना पड़ा था। लापता युवक के पिता अमर सिंह हाडा ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 1 बजे वह दोस्त की फैमिली व खुद की फैमिली के साथ इंदौर से निकला था। गाड़ी में एक बच्चे समेत 5 लोग थे। घर से निकलते वक्त उसने यह तो कहा था कि वह बाहर जा रहा है और जल्द लौट आएगा, लेकिन महेश्वर जाने की बात नहीं बताई थी। नर्मदा के तेज बहाव में वह बह गया। पिता ने कहा- हमारा बेटा अर्पित 'जैविक पोषण ऑल इंडिया' नाम से खुद का व्यापार चलाता है। उसकी शादी को करीब 5 साल हो चुके हैं, बहू का नाम पूजा है और उनका एक 3 साल का बेटा भी है।

# छात्रा को मिलने बुलाया दोस्त को सौंप दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद एक युवक ने छात्रा को मिलने बुलाया और फिर अपने दोस्त के पास छोड़ दिया। वहां दूसरे युवक ने छात्रा को घर ले जाकर उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमआईजी पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर हितेंद्र और उसके साथी प्रियांशु के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब एक माह पहले उसकी पहचान सोशल मीडिया पर प्रियांशु से हुई थी। दोनों के बीच मैसेज और मोबाइल पर बातचीत होने लगी। इसके बाद प्रियांशु ने उसकी बहन के मोबाइल नंबर पर कॉल कर उसे मिलने के लिए बुलाया। पीड़िता घर पर बिना बताए प्रियांशु से मिलने पहुंची। आरोप है कि पहले प्रियांशु उसे बाइक पर घुमाता रहा। बाद में उसने अपने दोस्त हितेंद्र को बुलाया और छात्रा को घर छोड़ने की बात कहकर उसके साथ भेज दिया। पीड़िता का आरोप है कि हितेंद्र उसे अपने घर ले गया, जहां उसने उसके साथ जबरदस्ती करने और अश्लील हरकतें करने का प्रयास किया। छात्रा ने विरोध किया और बाहर निकलने की कोशिश की। इस दौरान उसने देखा कि प्रियांशु घर के बाहर ही खड़ा था। छात्रा ने कहा कि शोर मचा दूंगी, इसके बाद प्रियांशु उसे बाइक से वापस लेकर निकला। इसी दौरान परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। छात्रा ने उन्हें पूरी घटना बताई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर एमआईजी थाने पहुंचे और दोनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर तोड़कर परिसर में घुसी कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित आरआर कैट के मुख्य प्रवेश द्वार पर रविवार देर रात एक कार चालक ने इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर तोड़कर जबरन परिसर में प्रवेश कर लिया। घटना में शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका उपचार चल रहा है। राजेंद्र नगर पुलिस ने आरआर कैट निवासी वसंत कुमार कुमरे की शिकायत पर कार क्रमांक MP-09-CS-8622 के चालक सारिम जफर मंसूरी निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी के खिलाफ शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 12:30 बजे कैट चौराहे पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस जांच से बचने के प्रयास में सारिम अपनी कार लेकर सीधे आरआर कैट परिसर की ओर पहुंचा और मुख्य प्रवेश द्वार पर लगे इलेक्ट्रॉनिक बूम बैरियर को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। बैरियर टूटने से शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद आरआर कैट के सुरक्षा गार्ड कार के पीछे दौड़े। कुछ दूरी पर चालक ने वाहन रोक दिया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। थाने में पूछताछ के दौरान सारिम पुलिस के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस ने उसके मोबाइल से परिवार से संपर्क किया। परिजनों ने बताया कि सारिम की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उसका इलाज चल रहा है। इसी कारण परिवार उसे कोई काम भी नहीं करने देता। परिजनों ने उपचार संबंधी दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक